नशामुक्त भारत बनाने में प्रचारक का काम कर सकते हैं छात्र-छात्राएं : वीसी

प्रतिनिधि, पूसा

डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्यापति सभागार में नशामुक्त भारत अभियान के तहत छात्र-छात्राओं, वैज्ञानिकों एवं शिक्षकों के लिए सोमवार को राजयोग विषय पर आधारित ध्यान का आयोजन किया गया.

कुलपति डॉ पीएस पांडेय ने कहा कि छात्र-छात्राएं नशामुक्त भारत बनाने में प्रचारक के रूप में कार्य कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि राजयोग ध्यान को अपना कर समाज व देश में नशा सेवन का उन्मूलन किया जा सकता है. मस्तिष्क और मन को राजयोग मेडिटेशन से जोड़ने की आवश्यकता है, जिससे सांसारिक सुख के साथ जीवन की विभिन्न पहलुओं को सार्थक बनाते हुए जीवन को एक नयी दिशा दी जा सकती है. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कंचन ने कहा कि नशा का मुख्य कारण मानसिक तनाव है. इस मौके पर निदेशक छात्र कल्याण डॉ रंजन लायक, पद्मिनी, भास्कर, डॉ महेश कुमार, कृषि अभियंत्रण अधिष्ठाता डॉ अंबरीश कुमार, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ उषा सिंह, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ वीणा शाही आदि उपस्थित थे.

कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति व मौजूद अन्य.

प्रभात खबर
Tue, 26 September 2023
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/73538421